दो। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके जरिये से मुख्य मंत्री जी को यह कहना चाहता हूं कि हर चीज में राजनीति न लाएं। इसमे ंभी राजनीति है। यह बनिये का बनाया हुआ स्कूल है। कलकत्ता का ट्रस्ट है और ट्रस्ट के मालिक वहां रहते हैं तथा गवर्निंग बौडी यहां बना रखी है। दीवानी अदालत ने उस गवर्निंग बॉडी को जो यहां मैनेजमैंट कमेटी है, उसको पार्वज दे दी। अब जिले के अधिकारी कहते हैं कि मुख्य मंत्री जी ने कहा है कि हरियाणा विधान सभा का सै ान खत्म होने के बाद ही कोई कार्यवाही करना, पहले कोई कार्यवाही न करना। अब सै ान भी कल खत्म हो जाएगा तो मुख्य मंत्री जी परसों कोई कार्यवाही कर लें।

फरीदाबाद जिले में माईन्जल में टैक्स की चोरी को हटाने के लिए, वहां अच्छी तगडी फोर्स का प्रबन्ध किया जाए। जब तक वह नहीं किया जायेगा, हरियाणा सरकार को 4—5 लाख रूपये रोज का घाटा होता रहेगा। मांगेराम गुप्ता जी एक दो दिन वहां खुद जाकर बैठें, तो भाायद खजाने में कुछ आ जाए। अध्यक्ष महोदय, मैं बातें तो बहुत कहना चाहता हूं, लेकिन मेरी अपनी पार्टी के आदमी अभी बोलने बाकी हैं, इसलिए मैं यह बात कह कर आपका धन्यवाद करता हूं।

श्री राम भजन अग्रवाल (भिवानी): अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से टैक्से ान के बारे में सरकार का वि ोश ध्यान दिलाना चाहूंगा। अध्यक्ष महोदय, मैंने पहले भी कहा था कि प्रदे ा के अन्दर व्यापारी बहुत दुखी हैं। यह विभाग करप ान का

इतना बडा अडडा है कि सरकार के खजाने में पैसा न आकर दूसरी जगह जाता है। अध्यक्ष महोदय, जहां तक टैक्स के सरलीकरण का सवाल है, वह नहीं हो पा रहा है कि कोई साधारण व्यापारी भी उसके अंदर फंसे बिना नहीं रह सकता। अध्यक्ष महोदय, इसी तरह से चुंगी का मामला है। चुंगी के मामले में आदरणीय मांगे राम गुप्ता जी से सदन में स्पश्टीकरण चाहूंगा, वे हां या ना में बताएं कि क्या चुंगी को हटाया जा रहा है या उसको उसी तरह बरकरार रखा जा रहा है ? अध्यक्ष महोदय, जहां तक सेल्ज टैक्स और बैरियर्ज का सवाल है, हमारी स्टेट के अन्दर जो बैरियर्ज हैं, वहां पर इनती करप्ान है कि बैरियर्ज के अधिकारी बिना कुछ लिये दिये किसी ट्रक या व्हीकल को पास नहीं होने देते। ट्रकों और व्हीकल्ज को पास करवाने के लिए या तो उनकी खुाामद करनी पडती है या एडजस्टमैंट की जाती है। अध्यक्ष महोदय, जहां तक सेल्ज टैक्स, मार्कीट कमेटीज और दूसरी चीजों का सवाल है, उस बारे मैंने पहले भी कहा था। मुख्य मंत्री जी एक व्यापारी सम्मेलन में आने वाले भी थे, लेकिन किसी वजह से प्रोग्राम पोस्टपोन कर दिया। मैं सरकार से यह जानना चाहूंगा कि क्या व्यापारी वर्ग को कोई रिलीफ देने का सरकार का विचार है ? मैं चाहूंगा कि व्यापारियेां को जो रिलीफ देने की बात है, उसके बारे में हाउस के अंदर आ वासन दिया जाए कि महसूल चुंगी को हटाया जाएगा या नहीं, सेल्ज टैक्स का सरलीरकरण किया जाएगा या नहीं ? अगर सरलीकरण किया जाएगा तो कब तक किया जाएगा ? अध्यक्ष महोदय, टैक्स को ठीक करने के लिए

मेरा सुझाव है कि एक कमेटी बना दी जाए जो आपको सुझाव दे। मैं चाहता हूं कि टैक्स सरकार को आए। टैक्स आना तो जरूरी है, टैक्स आता तो है लेकिर सरकारी खजाने में न आकर, दूसरी जगह जाता है। इस तरह से सरकार को बहुत बडा घाटा पड रहा है। इस घाटे को रोकने के लिए यह अत्याव यक है कि इसका निदान किया जाए। अध्यक्ष महोदय, आपके माध्यम से मैं सरकार से चाहूंगा कि मन्त्री जी आ वासन दें कि सरलीकरण कब कर रहे हैं या नहीं कर रहे हैं। धन्यवाद।

श्री वीरेन्द्र सिंह (नारनौंद): स्पीकर सर, 25 के लगभग डिमाण्डों पर इस सदन में विचार होना है। मैं वि ोश तौर पर डिमाण्ड नं0 17 जो एग्रीकल्चर के बारे में है, 5–7 मिनट कुछ बात कहूंगा। आजकल डंकल रैजोल्यू ान का बहुत भारी चर्चा हो रहा है। स्पीकर सर, मैं यह तो क्लेम नहीं करता कि डंकल प्रस्ताव के बारे में मुझे बहुत नौलेज हैं, परन्तु जो कुछ अख्बारात में पढा है या 1–2 दोस्तों से जो जानकारी मिली है, मैं उसके बारे में ही कहूंगा। पार्लियामैंट में भी इसके बारे में बहुत कहा सुनी होने के बाद गवर्नमैंट ने कहा है कि इस पर पूरी डिबेट होगी। पिछले दिनों दिल्ली में लाल किले पर हजारों फार्मर्ज ने इकटठे होकर एक रैली की थी, बडा भयानक वातावरण पैदा हो गया था और वह भय वि ोश तौर पर किसानों में इस डंकल प्रस्ताव को लेकर हुआ था। अगर इस डंकल प्रस्ताव पर दस्तखत हो जाएंगे जैसे किसानों के नेताओं का कहना है कि इससे भयंकर बात भारत के

किसानों के लिए और कोई नहीं होगी। यह प्रस्ताव भारत की कृशि और भारत के किसानों को तबाह करके, बर्बाद करके रख देगा। इसलिए इस प्रस्ताव पर इस सदन में गंभीरता से बहस होनी चाहिये। क्योंकि हमारे सामने ट्रेजरी बैंचिज पर कांग्रेस की सरकार है और सैंटर में भी कांग्रेस सरकार है। मुख्य मंत्री जी अपने नेताओं पर दबाव डाल सकते हैं कि क्या इन हालात में डंकल प्रस्ताव पर दस्तखत करने चाहिएं या नहीं करने चाहिएं ? हमें इस नजरिए से देखना चाहिए कि इससे हमें क्या नुकसान होने जा रहा है। अध्यक्ष महोदय जी, डंकल जे0ए0प्री0टो0 आर्गेनाईजे ान के प्रधान हैं, यह उन्हीं का प्रस्ताव हैं इन्होंने जो डंकल प्रस्ताव रखा है, वह यह है कि चाहे ड्रग्ज का मामला हो, चाहे दवाईयों का मामला हो, चाहे इनसैक्टीसाईडज या पैस्टीसाईडज का मामला हों, चाहे बढिया बीज की बात हो यह चीजें डंकल प्रस्ताव के तहत लेनी होंगी। अगर आज सारी दुनिया में बढिया बीज या बढिया दवाईयां उपलबध करवानी हों तो उसके लिए यू0एस0ए0 में रिसर्च होता है या किसी विकास ील दे ा में रिसर्च करना पडता है या जो दे ा रिसर्च में एडवांसड हैं, उसको रिसर्च पर बहुत ज्यादा पैसा खर्च करना पडता है। इस विशय में वि ोशज्ञों की काल है जो बढिया बीज हमारे पास उपलब्ध है, या दुनिया में उपलब्ध है, अगर यों ही आबादी बढती गई और बीज की क्वालिटी को इम्प्रूव नहीं किया गया तो आज जितनी हमारी पैदावार है, उससे आने वाली पापुले ान का गुजर बसर नहीं होगा। डंकल जी यह कहते हैं कि हमें और रिसर्च करना पडेगा लेकिन उस पर बहुत पैसा

खर्च होता है। अध्यक्ष महोदय, डिवैल्पिंग कंट्रीज यह अफोर्ड नहीं कर सकती, इसलिए उनको इस बारे में सोचना चाहिए। अध्यक्ष महोदय फर्ज करो टमाटर का बीज 100 रूपए किलो मिलता है और उसको वे और बेहतरीन करना चाहते हैं। अगर वे बेहतरीन कर पाते हैं तो भाायद इसका रेट एक हजार रूपए या अढाई हजार रूपए किलो उपलब्ध हो।। इसकी बनिस्बत जो किसानों की पैदावार होगी, उसका उचित भाव उसे मिलेगा नहीं, इसलिए किसानों को घाटा हो जाएगा, दूसरे मनोपली हो जाएगी और यू0एस0ए0 से हमारे रिले ान खराब हो जाएंगे। वह बीज हमें उपलब्ध होता है या नहीं, इस बात की कोई गारन्टी नहीं है। इसके अलावा, किसानों का यह भी कहना है कि अगर वह बीज हमें उपलबध हो भी गया तो भी हम अकेले ही उसकी भारी कीमत को क्यों बर्दा त करें ? जब हम सारे दे ा के लिए अनाज पैदा करते हैं तो हम क्यों उसकी कीमत भरैंगे ? उसकी कीमत या तो कंज्यूमर को भरनी चाहिये या फिर गवर्नमैंट आफ इण्डिया, कोई स्पै ाल टैक्स लगाये तथा उसको उसी भाक्ल में सबसिडाईज करके किसान को बीज सप्लाई करे ताकि किसान की कमर न टूटे और किसान बढिया बीज लेकर सारे दे ा का पेट भर सके। स्पीकर सर, मुझे खद ाा यही है कि जो बीज आ रहा है, वह हमारी बढती हुई पापुले ान को ससटेन नहीं कर सकेगा, इसलिए मुख्य मंत्री जी को इस पर गंभीरता से विचार करना चाहिए।

सिंचाई मंत्री (चौधरी जगदी ा नेहरा): स्पीकर साहब, मेरा प्वायंट आफ आर्डर है। जैसा चौ0 वीरेन्द्र सिंह डंकल प्रस्ताव के बारे में कह रहे हैं, मैं कहना चाहता हूं कि मेन मुददा है, उस पर तो इन्होंने कहा ही नहीं है। जिस बात का विरोध हो रहा है, वह इन्होंने नहीं कही। विरोध इस बात का हो रहा है कि डंकल प्रस्ताव में इंटरने ानल मार्किट के मुताबिक, दवाईयों की पैटेन्ट और बीज की पैटेन्ट को सर्टिफाई करके फ्री ट्रेड किया जाए। यह बात इन्होंने नहीं कही। किसान यह कहता है और दवाई बेचने वाले भी कहते हैं कि इंटरने ानल स्टैंडर्ड का जो पैटर्न है, वह हाई है और इंडियन स्टैंडर्ड उस स्तर का नहीं है। दूसरी बात किसानों के लिए यह आएगी कि यदि पैटेन्ट उस पैटेन्ट वहां का रहेगा और स्टेंडर्ड भी वहीं का रहेगा तो हमारे जो किसान हैं, उनको अच्छी कीमत नहीं मिलेगी और हमार जो खादय पदार्थ या प्रोसैस बाहर जाता है, उसकी इंटरने ानल मार्किट में कमी हो जाएगी और हमारे किसानों पर इसका एडवर्स इफैक्ट होगा। इसलिए यह पैंटेंट, जो इंटरने ानल लैवल पर लागू होगा, इसको अनिवार्य नहीं किया जाना चाहिए, यह मेन मुददा है। यदि यह अनिवार्य कर दिया जाएगा तो हिन्दुस्तान में डंकल प्रस्ताव पर दिक्कत होगी।

चौधरी वीरेन्द्र सिंहः चलो कोई बात नहीं, आपने ही यह ऐड कर दिया।

श्री अध्यक्षः नेहरा साहब, साथ ही यह भी बतायें कि जो लोन मिलता है तो क्या यू0एस0ए0 का उससे कनैक ान होता है ?

चौधरी जगदी ा नेहराः जी नहीं, यू0एस0ए0 का इसलिए नहीं है क्योंकि सबसे ज्यादा रिसर्च यू0एस0ए0 कर रहा है, खर्चा भी वही कर रहा है तथा पैटेंट का स्टैंडर्ड भी वही कर रहा है। जैसे मान लीजिये, टमाटर का बीज सौ रूपये किलो है और अगर उस पर पैटेंट यू0एस0ए0 का है तो वह कहता है कि टमाटर का बीच पांच सौ रूपये किलो है, चूंकि पैटैंट उसका है इसलिए वह इसकी कीमत पांच सौ रूपये किलो लेगा। दिक्कत यही है कि अगर फ्री ट्रेड के साथ डंकल प्रस्ताव मंजूर हो गया तो परे ाानी आएगी।

श्री वीरेन्द्र सिंहः अध्यक्ष महोदय, आपकी भांका ठीक थी कि क्या इसमें यू0एस0ए0 का ताल्लुक है ? डंकल जो है, वह जी0ए0टी0आई0 का प्रधान है। स्पीकर साहब, आपका कहना ठीक था कि कहीं यू0एस0ए0, यू0एन0ओ0 की आड लेकर, इस रैजोल्यू ान को यू0एन0ए0 में पास न करवा ले। यह तो आप भी जानते हैं कि यू0एन0ओ0 में भी आज यू0एस0ए0 का दबदबा है। आज वह एक अकेली भाक्ति रूस के टूटने के बाद रह गयी है। आज जैसा अमरीका चाहे, वैसा यू0एन0ओ0 में कर सकता है, किसी दे ा की उसको रोकने की मजाल नहीं है, इसलिए यू0एन0ओ0 भी इससे मिल जाता है। अध्यक्ष महोदय, इन्होंने ठीक किया कि वह सब कह दिया जो मुझे पता नहीं था। मुझमें जितना

ज्ञान है उसीके हिसाब से मैं कहता हूं। मेरे पास इतना ज्ञान नहीं है जितना इनके पास है। लेकिन आज सभी इस बारे में चिन्ता कर रहे हैं और इस विशय पर पार्लियामैंट में भी डिबेट होनी है। मेरा ख्याल है कि गवर्नमैंट आफ इण्डिया इस पर मोहर लगाने से पहले सभी मुख्य मंत्रियों से विचार विम र्ा जरूर करेगी। इसलिए मैं मुख्य मंत्री जी से कहना चाह रहा हूं कि इसको पूरी गंभीरता से स्टडी करवाएं और देखें कि इसके मैरिटस और डीमैरिटस क्या हैं ? इस बारे यदि आप कोई लिटरेचर उपलब्ध करवा सकते हैं तो वह सारे सदन के मैम्बरों को भी भिजवा दें ताकि हम लोग पढकर सुझाव दे सकें क्योंकि यह पूरे दे ा का मामला है। आने वाली पीढी का मामला है हमारे भविश्य से जुडा हुआ है। केवल कृशि में ही नहीं, बल्कि मेडीसन में, जैसे ऐस्प्रो की गोली जो आज 10 पैसे में मिलती है, वह 25 रूपये में मिले तो कौन एफोर्ड करेगा, कैसे हम गुजारा कर सकेंगे ? मैं डिमांड नं0 17 पर चर्चा करते हुए आपसे गुजारि ा करूंगा कि डंकल प्रस्ताव को यहां न आने दिया जाए। ताकि जब कोई दस्तख्त करने का या न करने का समय आए, तो हरियाणा गवर्नमैंट की तरफ से हरियाणा का पक्ष पूरी मजबूती से, किसानों का पक्ष पूरी मजबूती के साथ रखा जा सके।

अध्यक्ष महोदय, ग्रेने मार्केट नारनौंद में 1988 से पत्थर लगा हुआ है, वहां चार दिवारी भी मुकम्मल हो चुकी है, दुकानें नीलाम होनी थी लेकिन उनकी नीलामी रूकी पडी है। वह जगह बहुत इम्पौरटेन्ट बन चुकी हैं। उस गांव के चारों तरफ लगभग

50–60 गांवों का निकास होता है। यह ग्रेन मार्किट बहुत बडी सक्सैसफुल मार्किट होगी। उस पर 40–50 लाख रूपया तो खर्च हो चुका है और 40–50 लाख का काम बाकी रहता है, इसलिए मेरा निवेदन है कि ग्रेन मार्किट का काम टोप प्रायोरिटी पर पूरा किया जाए। इसी के साथ 6–7 सडकें मंजूर हुई हैं और 7–8 साल से उन पर कोई काम भुरू नहीं किया गया। लोक निर्माण मंत्री जी बैठे हुए हैं, मैं उनसे गुजारि ा करूंगा कि इन सडकों को प्राथमिकता पर बनवाएं ऐसी जो रोडज हैं जिनसे लोगों का सफर कम होता है, उनको लिंक करवायें ताकि गांव में पहुंचने के लिए 20 किलो मीटर के सफर की बचत हो सके। मैं उन 5–6 सडकों के नाम भी बता देता हूं मंत्री जी लिखने की कृपा करें :–

मोड़ा से डाटा,

डाटा से भियाना खेड़ा,

पेटवाड़ से बास तथा

पेटवाड़ से बदाला।

एक सडक जिस पर रोडियां पडी हैं जिसकी लैंथ एक कि0मी0 है वह है बखलाना से उपाड। ये 4–5 सडकें बहुत जरूरी हैं और इनसे 20–20 कि0मी0 का सफर बचेगा और लोगों को बहुत सुविधा होगी। इतना कह कर मैं अपना स्थान लेता हूं।

श्री राम रतन (हसनपुर): अध्यक्ष महोदय, आपका बहुत धन्यवाद, मैं आपका बहुत आभारी हूं कि आपने मुझे बोलने का समय दिया। मैं तो आज बहुत दिन के बाद बोला हूं।

12.00 बजे।

मैं सबसे पहले डिमांड नम्बर 8 पर बोलना चाहता हूं। स्पीकर साहक, मेरे हल्के के आठ दस गांव हैं जहां की सडकें बहुत ही खराब हैं और उनका बनाना बहुत जरूरी है। वास्तव में वहां सडक बनी ही नहीं है। इसलिए मैं सरकार का ध्यान अपने इलाके की सडकों की तरफ दिलाना चाहता हूं। स्पीकर साहब, एक सडक प्रहलादपुर से घोडी तक, एक जटोली से अतर चटटा और तीसर मीरपुर करारी से घासेडा। ये सडकें बहुत ही जरूरी हैं (**इस समय उपाध्यक्ष महोदय पदासीन हुए।**) उपाध्यक्ष महोदय, 6 मार्च 1992 करो मुख्य मंत्री महोदय हसनपुर गए थे और वहां एक बहुत बडी जनसभा हुई थी। मुख्य मंत्री जी ने कहा कि हसनपुर की जो सडकें टूटी फूटी हैं और जो नहीं बनी हैं, उनको बनाया जाएगा।

उपाध्यक्ष महोदय, हसनपुर के पास जमुना पर ड्रमों का पुल बना है। मुख्य मंत्री जी घोशणा करके आए थे कि यह पुल बरसात से पहले बन जाएगा। एक बरसात तो निकल गई और अब दूसरी बरसात आने वाली है। मेरी प्रार्थना है कि इस पुल को जल्दी से जल्दी बनाया जाए ताकि लोगों को सुविधा मिल सके।

श्री मांगे राम गुप्ताः अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्यों ने बजट पर बहस में हिस्सा लेते हुए विरोधी पक्ष के सदस्यों ने इसका विरोध किया है और ट्रेजरी बैंचिज के माननीय सदस्यों ने बजट की सराहना की है। अध्यक्ष महोदय, बजट से पहले इस सदन में गवर्नर महोदय के अभिभाशण पर चर्चा हुई। विरोधी पक्ष के भाईयों ने गवर्नर महोदय के अभिभाशण पर जो कुछ कहा, वही बातें इनहोंने इस बजट पर कहीं हैं। (ाोर एवं व्यवधान)

श्री अध्यक्षः सम्पत सिंह जी आप अपने मैम्बर्ज को डिसिप्लिन में रखें। ऐसी कोई बात नहीं सुनी जायेगी।

प्रो0 सम्पत सिंहः स्पीकर साहब, जो बात आप कर रहे हैं वही होगी। ये लोग आपसे रिकवैस्ट कर रहे हैं कि आज हमारी पार्टी का मैम्बर नहीं बोला।

श्री दरियाओं सिंह रजोराः आप हाउस को एक्सटैंड कर दें। मैं तो बोला ही नहीं हूं। (ाोर एवं व्यवधान)

श्री अध्यक्षः आज टाईम ऐक्सटैंड नहीं होगा। (ाोर एवं व्यवधान)

श्री मांगे राम गुप्ताः अध्यक्ष महोदय, विरोधी पक्ष के माननीय सदस्यों ने वर्श 1993–94 के बजट पर बोलते हुए कहा कि यह बजट नीरस है और दि ााहीन है। इन सदस्यों ने कहा कि यह बजट दि ााहीन है इसमें किसानों के लिए कुछ नहीं किया गया है और हरिजनों तथा बैकवर्ड क्लासिज के लोगों के लिए भी

कुछ नहीं किया गया है। स्पीकर साहब, माननीय सदस्यों ने अपने मन के गुबार निकालने के लिए और अपने हल्के के लोगों को खु ा करने के लिए कुछ बातें यहां पर रखी हैं। (ाोर एवं व्यवधान) । स्पीकर साहब, मैं एक बात आपकी सेवा में अर्ज करना चाहता हूं। मैं फाइनैंस के मामले में कोई बहंत बडा अर्थ ाास्त्री तो नहीं हूं, लेकिन एक बात मैं अर्ज करना चाहता हूं। इन नब्बे के हाउस में आप पहले भी आते रहे हैं और अब की बारे भी बन कर आए हैं। (ाोर एवं व्यवधान)

श्री अमर सिंहः स्पीकर साहब, आप हाउस का समय बढा दीजिए और हरेक मैम्बर को पांच पांच मिनट दे दीजिए। (ाोर एवं व्यवधान)

श्री अध्यक्षः अब वित्त मंत्री जवाब दे रहे हैं, इसलिए आप लोग बैठ जाएं।

श्री सतबीर सिंह कादियानः हमारा कहना तो यह है कि आप थोडा सा टाईम बढा दें जिससे कि सभी मैम्बर्ज अपनी समस्याएं सदन में रख सकें। (ाोर एवं व्यवधान)

श्री अध्यक्षः अब वित्त मंत्री बोल रहे हैं इसलिए आप लोग बैठ जाएं। अब किसी और को टाईम नहीं मिलेगा।

श्री मांगे राम गुप्ताः स्पीकर साहब, मैं यह कह रहा था कि यह हाउस 90 का है। इस हाउस में दो मुख्यमंत्री इस समय ऐसे हैं जो दो तीन बार पहले भी मुख्य मंत्री रह चुके हैं और कई

ऐसे सदस्य भी हैं जो पहले मंत्री रह चुके हैं और कई ऐसे सदस्य भी हैं जो पहले मंत्री रह चुके हैं। श्री वीरेन्द्र सिंह जो उठकर गए हैं वे भी काफी सीनियर मिनिस्टर रहे हैं। चौधरी सम्पत सिंह जी जो चले गए हैं वे भी बहुत सीनियर मिनिस्टर रहे हैं। स्पीकर साहब मैं एक बात की ओर सदन का ध्यान दिलाना चाहता हूं। इस 90 के हाउस में मुख्य मंत्री तो दूसरी बार और तीसर बार बनकर आए हैं और कई विधायक जो पहले मंत्री थी वे भी दूसरी और तीसरी बार बन कर आए हैं लेकिन हरियाणा में जो फाइनैंस मिनिस्टर रहा है, वह दूसरी बार बनकर नहीं आया। चौधरी बंसी लाल जब मुख्य मंत्री थी तो इन्हौंने बहुत सारे महकमे सम्भाले हुए थे और हमारे आदरणीय मुख्य मंत्री चौधरी भजन लाल के पास भी काफी विभाग रहे हैं। श्री वीरेन्द्र सिंह बहुत सीनियर मंत्री रहे और वकील भी रहे यह सुपर चीफ मिनिस्टर बनकर चले। उन्होंने महकमें छांटे पावर एण्ड इरीगे ान, होम डिपार्टमैंट और ऐजुके ान लेकिन फाइनैंस के वे बिल्कुल नजदीक नहीं लगे। इसी तरह से चौधरी सम्पत सिंह जी ने जितने इम्पोर्टैंट विभाग थे, होम, पावर एण्ड इरीगे ान, वे संभाले। जिन विभागों पर बजट का 50 प्रति ात खर्चा होता है वे विभाग चौधरी सम्पत सिंह जी ने अपने पास रखे लेकिन फाइनैंस का विभाग किसी ने भी अपने पास नहीं रखा क्योंकि ये एक ऐसा विभाग है जिसको संभालने में बहुत बडी कठिनाई आती है और जिससे हमारे विरोधी पक्ष के भाईयों ने हर बार नाराजगी जाहिर करनी ही है। मैं तो यह सब कुछ प्रैक्टीकल बता रहा हूं कि फाईनैंस मिनिस्टर से तो सभी नाराज

रहते हैं। सारे अधिकारी नाराज, सभी कर्मचारी नाराज, और जनता भी नाराज फिर जनता को ये लोग खु ा करने के लिये कहते हैं कि फलां फलां स्कीमज हमने मनवा ली हैं। अब की बार तो हमने यह स्कीमें मनवा ली हैं लेकिन फाइनैंस मिनिस्टर बिल्कुल नहीं मानते। काम बन जाए तो साथियों को खु ा कर लो और अगर न बने तो लोगों की, अधिकारियों की, कर्मचारियों की कोई नाराजगी हो तो वह फाइनैंस मिनिस्टर के जिम्मे लगा दो। ये तो मेरे इन विरोधी पक्ष के भाईयों का कर्त्तव्य है।

अध्यक्ष महोदय, इसके साथ साथ एक बात और कहना चाहूंगा कि इन्होंने यहां पर बोलते हुए जीभ की बात कही। इनको मैं बताना चाहता हूं कि यह जो जीभ है, यह बहुत बडी कीमती चीज है। इसी जीभ के कारण ही सम्पत सिंह जी ने एक बात हाउस में कही थी कि मेरी गर्दन कट सकती है, झुक नहीं सकती। लेकिन आपको पता ही है कि वह गर्दन झुकी भी ओर उन्होंने हाउस के अंदर माफी भी मांगी। (ाोर) यह फैक्टस की बात है सबके सामने की बात है। मैं फैक्टस पर आधारित बातें हाउस में कह रहा हूं, किसी पर ऐलीगे ान नहीं लगा रहा। न ही मैं किसी के बीच में किसी भी प्रकार का इंटरफीरैंस ही करना चाहता हूं। मैं तो फैक्टस बता रहा था। (ाोर)

श्री अध्यक्षः मांगे राम जी, यह तो चिढाने वाली बातें हैं जिनका सबको पता है कि उसको बार बार कुरेदने की कोि ा ा न की जाए। (ाोर)

श्री मांगेराम गुप्ताः अध्यक्ष महोदय, मैं कहना चाहता हूं कि फाइनैंस विभाग ऐसा विभाग है जिसके पास स्टेट के सारे रिसोर्सिज होते हैं और उन्हीं रिसोर्सिज के अनुसार वह हर विभाग को फण्डज ऐलोकेट करता है और उन फण्डज को विभाग अपने लैवल पर अलग अलग खर्चा करता है। फाइनैंस विभाग के पास कोई जादू की छडी नहीं है कि चाहे कोई डिपार्टमैंट जितना पैसा मांगे, वह उतना ही उसे दे दे। कोई भी मांग जो एम0एल0एज0 उठाएं वह फाइनैंस डिपार्टमैंट दे दे और बजट में प्रावधान कर दे, यह बात फाइनैंस विभाग के बस की नहीं है। जो कुछ ये लोग बोलते हैं कहते हैं मैं उनकी हर बात नोट करता हूं और उनका सही सही उत्तर भी देता हूं। मैं इनको साफ तौर पर बता देना चाहता हूं कि स्टेट के अपने निि चत रिसोर्सिज होते हं लेकिन मेरे जितने भी बैठने वाले माननीय व आदरणीय तजुर्बेकार सदस्य हैं, उनमें से किसी ने भी यहां पर यह नहीं कहा कि स्टेट के अंदर विकास के कार्यों के लिये फलां फलां रिसोर्सिज पैदा किये जाएं। अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्यों ने मांग की कि बिजली के रेट न बढाए जाएं, सेल्ज टैक्स और मार्किट फीस नहीं लगनी चाहिए, वह खत्म कर दी जाए। माननीय सदस्यों ने कहा कि भाराब के ठेके नहीं बिकने चाहिए, दवाईयों मुफ्त मिलनी चाहिए। और ि ाक्षा मुफ्त मिलनी चाहिए। बेरोजगारी खत्म होनी चाहिए तथा खाद तथा बीज पर भारी सबसिडी रखनी चाहिए। हर गांव में स्कूल अपग्रेड होने चाहिएं कोई स्कूल बगैर टीचर के नहीं रहन चाहिए और स्कूलों की बिल्डिंगें अच्छी होनी चाहिएं, सडकें बढिया

बढिया होनी चाहिए। हस्पताल की बिल्डिंग अच्छी होनी चाहिए। पीने का पानी इतना चाहिए कि भााम तक टूटियां चलती रहें और कोई लिमिट नहीं होनी चाहिए। किसान के खेत में जितना पानी चाहिए उतना देना चाहिए। अध्यक्ष महोदय, ये जितने काम लोगौं के हित के हैं, इनके लिए साधन जुटाने पडेंगे। सभी कामों के लिए आर्थिक व्यवस्था करनी पडेगी। अगर सरकार सभी माननीय सदस्यों की एक भी मांग पूरी मान लें जैसे ि ाक्षा के संबंध में कोई मांग है, तो अगर उस पर वर्श 1993–94 का पूरा बजट भी खर्च कर दे तो भी वह मांग सारी स्टेट में पूरी नहीं हो सकती। इसलिए माननीय सदस्यों को सोच समझ कर ही सुझाव देने चाहिए। सभी साथी सरकार की नुक्ताचीनी अकेले चौधरी भजन लाल की ही नहीं है और न ही फाइनैंस मिनिस्टर की है। लोगों ने यहां पर 90 प्रतिनिधि चुन कर भेजे हैं, इन सबकी बराबर जिम्मेदारी है। बजट पर तो लोगौं की भलाई के बारे में बोला जाता है, इसीलिए लोगों ने आपको यहां पर चुन कर भेजा है। आप अपने हल्के के लोगों की और प्रदे ा के लोगौं की मांग के लिए सुझाव देते लेकिन इन्होंने कोई अच्छा सुझाव नहीं दिया।

प्रो0 सम्पत सिंहः स्पीकर साहब, मेरा प्वायंट आफ आर्डर है। फायनैंस मिनिस्टर साहब कह रहे हैं कि हमने कोई सुझाव नहीं दिए। यहां पर बहुत अच्छे सुझाव आए हैं। खुद फाईनैंस मिनिस्टर ने सुझाव दिया था और अपोजी ान के मैंबरों

ने उसकी ताइद की थी कि कैबिनेट के साईज को कम कर लो तो खजाने पर अपने आप भार कम पडेगा। (ाोर)

चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय, कोई खास वजह हो या किसी ने कोई खास बात कह दी हो तब तो माननीय सदस्यों को बीच में उठ कर प्वायंट आफ आर्डर करना चाहिए लेकिन अब वित्त मंत्री जी जवाब दे रहे हैं। और इन्होंने कोई ऐसी बात भी नहीं कही ये तो अपना जवाब दे रहे हैं। इसलिए मेहरबानी करके माननीय सदस्य बीच में टोकने की कृपा न करें।

श्री मांगे राम गुप्ताः अध्यक्ष महोदय, हमनें जो 1993–94 का बजट पे ा किया है इस बारे में मेरे साथी कादयान साहब ने कहा कि इस बजट का प्लान बहुत कम है इन्होंने इस बारे में कोई आंकडे तो बताए नहीं, वैसे ही नुक्ताचीनी के नाते कह दिया। अध्यक्ष महोदय, हमारा जो प्लान है उसके अनुसार हमने पिछले साल 820 करोड रूपए खर्च किए जबकि इस साल यानि 1993–94 में हम 910 करोड रूपए खर्च करेंगे यानि 90 करोड रूपए ज्यादा खर्च करेंगे। मेरे विरोधी पक्ष के भाईयों के समय में प्लान 529 करोड रूपए के लगभग था। हमने 15 परसैंट के करीब बढौतरी की है। हमारे पास प्रदे ा के विकास के लिए जितने रिसोर्सिज थे उनमें ज्यादा से ज्यादा पैसा बचा करके खर्च किए हैं। पिछले साल 1991–92 के बजट में 87.34 करोड रूपए का घाटा था। हमने उस घाटे को अपने खर्च कम करके रिडयूस किया है और यह बजट ईयर 7.16 करोड रूपऐ के घाटे में समाप्त हुआ।

पिछले साल 119.84 करोए का घाटा था लेकिन हमने अपने खर्चे कम करके पिछले बजट ईयर को 79.87 करोड रूपऐ के घाटे के साथ समाप्त किया और जो 40 करोड रूपया हमने बचाया, वह हरियाणा प्रदे ा के लोगों के विकास के लिए खर्च किया। इस तरह हमने अपने खर्चे में कमी की है। इसके अलावा अध्यक्ष महोदय हमारे माननीय सदस्य सतबीर सिंह कादियान ने कहा कि बिजली में लाईन लौसिज 39 परसैंट हो गए। मैं इनको बताना चाहूंगा कि आपके राज में वर्श 1990–91 में बिजली में 26.4 परसैंट लाइन लौसिज थे, 1991–92 में 24.2 परसैंट थे, 1992–93 में 23.2 परसैंट रह गए और 1993–94 में 22.5 परसैंट रह जाएंगे। आपने कैसे कह दिया कि 39 परसैंट बिजली में लाइन लौसिज हैं ? अध्यक्ष महोदय बिजली तैयार करने का जो खर्चा है वह 1 रूपया 25 पैसे या 30 पैसे प्रति यूनिट है। इन्होंने एक बात यह कही कि किसानों के साथ बहुत भारी अन्याय किया गया है। सरकार ने बिजली का रेट 50 पैसे प्रति यूनिट कर दिया, सारे दे ा में बिजली का इतना रेट कहीं नहीं है। अध्यक्ष महोदय, सारे दे ा में हरियाणा प्रदे ा एक ऐसा प्रदे ा है जो किसानों को एग्रीकल्चर सैक्टर में 59.2 परसैंट यानि 60 परसैंट बिजली दे रहा है जिस पर 80 पैसे प्रति यूनिट के हिसाब से नुक्सान होने की वजह से हर साल बिजली बोर्ड को 300 करोड रूपए का नुकसान हो जाता है। दूसरे किसी भी प्रदे ा में एग्रीकल्चर सैक्टर में इतनी बिजली नहीं दी जा रही। मेरे विरोधी पक्ष के भाई इस बात को ले कर किसानों को गुमराह कर रहे हैं कि आप बिजली के

बिल न भरो। अगर किसान बिजली के बिल नहीं भरेंगे तो आज बिजली की जो मांग बढ रही है, यह अगले पांच साल में भी पूरी नहीं होगी। आज बिजली जिस रेट के हिसाब से मिल रही है वह दो रूपए यूनिट के हिसाब से भी नहीं मिल सकेगी और बिजली के नए प्रोजेक्ट नहीं लगेंगें। मैं यह कहूंगा कि इन भाईयें को चाहिए कि वे प्रदे ा के लोगौं को, किसानों को सही स्थिति की जानकारी दें, गुमराह न करें। मैं फिर कहूंगा कि यदि ये प्रदे ा के सच्चे हितैशी हैं तो इनको सही बात कहनी चाहिए। अरग ये गलत जानकारी दैंगे तो प्रदे ा का बहुत बुरा हाल हो जाएगा। इसलिए इनको लोगों को गुमराह नहीं करना चाहिए।

अध्यक्ष महोदय, कादियान जी ने उद्योग कुंज के बारे में कहा है कि इस पर कोई कार्यवाही नहीं हो रही। मैं बताना चाहूंगा कि इस स्कीम पर चार जिलों में काम हो रहा है। सोनीपत, रोहतक, गुडगांव में तो साईट ले ली गई जबकि हिसार जिले में साईट की तला ा की जा रही है। ज्योंही जमीन मिल जायेगी हिसार में भी इस स्कीम पर काम भाुरू कर दिया जाएगा।

अध्यक्ष महोदय, एक बात कादियान जी ने यह कही कि पानीपत की एच0एफ0सी0 में किसी अधिकारी/कर्मचारी ने 3 लाख रूपए का गबन किया है। इस बारे में मैं इनको बताना चाहता हूं कि जिन अधिकारियों/कर्मचारियों ने यह गबन किया था उनको सस्पैंड कर दिया है और पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करा दी गई है। मैं इनको बताना चाहूंगा कि कानून के अनुसार उनके खिलाफ पूरी

कार्यवाही की जाएगी, चाहे कोई कितना ही बडा अधिकारी क्यों न हो।

अध्यक्ष महोदय एक बात चन्द्रावती जी ने जे0पी0 गुप्ता जी के बारे में कही। इस बात की इंकवायरी हुई है। उन दिनों गुन्ता जी छुटटी पर थे पूरी इंकवायरी हुई। आपको भी पता है कि जो इंकवायरी में दोशी पाया जाता है उसके खिलाफ पूरी कार्यवाही की जाती है और उसको परमोट नहीं किया जाता। मेरे कहने का मतलब यह है कि जो भी दोशी हैं, उनके खिलाफ कार्यवाही की है।

अध्यक्ष महोदय, एक बात कादियान साहब ने यह कही कि पानीपत के थर्मल प्लांट में प्रदूशण बहुत अधिक है। यह बात सही है इसे मैं मानता हूं। मैं बताना चाहता हूं कि प्रदूशण को कम करने के लिए काफी पग सरकार उठा रही है। इस पर भारी खर्च होने की संभावना है। सरकार इस मामले में पूरी तरह से सजग है, जल्दी ही इसको कोई न कोई समाधान ढूंढ लिया जायेगा।

अध्यक्ष महोदय, इसी तरह इन्होंने यह कहा कि स्टेट वाटर एंड एयर पोल्यू ान बोर्ड के जो पहले चेयरमैन मि0 आर0ए0 गोयल थे, उनको हटा दिया गया और उनकी जगह एस0पी0 ग्रोवर को चेयरमैन लगा दिया गया। मैं इन्हें बताना चाहता हूं कि सैंट्रल एन्वायरमैंट बोर्ड की सलाह पर ही हरियाणा स्टेट पोल्यू ान बोर्ड

को खत्म किया गया है और दोबारा गठन किया गया है। चेयरमैन मि0 आर0 ए0 गोंचल ने इस फैसले के खिलाफ हाई कोर्ट में रिट की है। हाई कोर्ट ने उसके खिलाफ डिसीजन दिया है। अब श्री आर0ए0गोयल ने हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में एक स्पे ान याचिका डाली है। यह मामला अब सब जूडिस है, इसलिए इस पर मैं ज्यादा कुछ नहीं कहता।

श्री सतबीर सिंह कादियानः पहले बोर्ड को तोड दिया, फिर बना दिया और आर0ए0 गोयल से कम क्वालिफिके ान के आदमी को चेयरमैंन लगा दिया गया।

श्री अध्यक्षः गवर्नमैंट की अपनी कम्पीटैंसी है, जिसको वह चाहे, चेयरमैन लगाये।

श्री मांगे राम गुप्ताः अध्यक्ष महोदय, बहुत से माननीय सदस्यों ने पानी के बारे में चर्चा की और यह भी कहा कि एस0वाई0एल0 पानी की नहर की तरफ सरकार का वि ोश ध्यान नहीं है। अध्यक्ष महोदय, आपकी मार्फत मैं हाउस में एक बात कहना चाहता हूं ..... (विघ्न)

एस0वाई0एल0 पानी के बारे में हर विधायक और सरकार बहुत ही चिन्तित हैं कोई भी व्यक्ति उसको इग्नोर नहीं कर सकता है। अध्यक्ष महोदय, हर विधायक यह मांग करता है कि जिन माईनरों के फाउन्डे ान स्टोन रखे गये हैं उनका काम जल्दी पूरा किया जाए और यह कहा गया है कि माईनरज के लिए पैसा

नहीं रखा गया हैं अध्यक्ष महोदय, अगर पानी नहीं आया तो नई माईनरज बना कर क्या करेंगे ? माईनरज बन जाएं और उनमें पानी न आए तो उनको कोई फायदा नहीं है। टेल पर पानी पहुंचाने के लिए एक करोड रूपया खर्च किया गया। हरियाणा के 75–80 प्रति ात लोग यह मानते हैं कि टेल पर पानी पहुंच रहा है। (विघ्न) अध्यक्ष महोदय, मैं यह बात कहना चाहता हूं कि जब तक एस0वाई0एल0 का पानी हरियाणा में नहीं आएगा, तब तक माईनरज पर ज्यादा पैसा खराब करने की जरूरत नहीं है। एस0वाई0एल0 के बारे में विरोधी पक्ष के भाई चाहे कुछ भी कहें, सरदार बेअन्त सिंह की पंजाब की जनता को खु ा करने के लिए चाहे कुछ भी कहते रहें, लेकिन हरियाणा की यह वर्तमान सरकार एस0वाई0एल0 का पानी लाकर हरियाणा के किसानों को देगी, जिससे किसान के खेत को पानी मिलेगा, हरियाणा की एक एक एकड जमीन को सिंचाई का पानी मिलेगा। (विघ्न)

प्रो0 राम बिलास भार्मा: अध्यक्ष महोदय, मेरा प्वायंट आफ आर्डर है। माननीय वित्त मंत्री जी फरमा रहे हैं कि यह सरकार एस0वाई0एल0 का पानी लाकर हरियाणा को देगी। बजट में इसके लिए इन्होंने कोई खास पैसे का प्रावधान नहीं रखा है। यह एस0वाई0एल0 का पानी कब और कैसे लाएंगे, यह भी जरा बताने की कृपा करें।

श्री मांगे राम गुप्ता: अध्यक्ष महोदय, इस सरकार को बने अभी 18 महीने का अर्सा ही हुआ है। 4 साल इनकी सरकार

रही जिसमें भार्मा जी खुद मंत्री रहे और बाद में मंत्रिमंडल से निकाल दिए गए थे। (विघ्न) अमर सिंह जी भी कह रहे थे कि चौधरी बंसी लाल जी ला सके और नही यह लोग ला सके। हालांकि हर कोई इस पानी को हरियाणा में लाना चाहता है। लेकिन केवल चाहने से ही तो कोई काम नहीं हो जाता है। एस0वाई0एल0 का पानी हरियाणा में लाना केवल हमारे हथ की ही बात नहीं है, आज हम ही चिन्तित नहीं हैं केन्द्रीय सरकार भी चिन्ि'तत है। पंजाब में उग्रवाद हावी होने के कारण जब भी इस नहर को बनाने का काम भ्ाुय होता था तो उग्रवादियों ने कभी इंजीनियरों को मार दिया, कभी वर्करज को मार दिया कभी लेबर को मार दिया और भारत सरकार जो भी फैसला करती थी वह सिरे नहीं चढ पाता था। लेकिन अब दे ा के प्रधानमंत्री, इरीगे ान मंत्री और हरियाणा सरकार इस बारे में कई मीटिंगे कर चुके हैं। इस काम में कुछ टाईम तो लगैगा ही एक दो दिन में यह काम होने वाला नहीं है। मुझे पूरा वि वास है कि हरियाणा की जनता ने जिस वि वास के साथ हरियाणा में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनाई थी, यह सरकार अपने कार्यकाल में ही हरियाणा की जनता को एस0वाई0एल0 का पानी उपलब्ध करवाएगी। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय साथियों से यह कहना चाहूंगा कि अभी वे माईनरज के लिए ज्यादा पैसे की तरफ ध्यान न दें। जहां तक एस0वाई0एल0 के लिए 20 करोड रूपये का ताल्लुक है इस बारे में मैं यह कहना चाहूंगा कि जैसे ही इस बारे में कोई फैसला हो जाएगा, नहर खुदनी भ्ाुरू हो जाएगी हम

सप्लीमैंटरी बजट मंजूर करवा सकते हैं और इस सप्लीमैंटरी डिमांड के लिए कोई भी इंकार नहीं कर सकता है। 20 करोड रूपया हमने इसलिए रखा है कि कभी भी एमरजैंसी में एस0वाई0एल0 का काम भुरू करना पड सकता है तो पैसा कम नहीं हो। अध्यक्ष महोदय, हमैं चाहे कितना ही पैसा क्यों न रखना पडे हम एस0वाई0एल0 का काम करेंगे।

श्री वीरेन्द्र सिंहः अध्यक्ष महोदय, मेरा प्वायंट आफ आर्डर है, यह पैसा तो सैंटर से आता है ?

श्री कर्ण सिंह दलालः अध्यक्ष महोदय, मेरा प्वायंट आफ आर्डर है गुप्ता जी अभी जिक्र कर रहे थे कि माईनर्ज तब खुदवायेंगे जब एस0वाई0एल0 का पानी आएगा गुडगांव में एस0वाई0एल0 का पानी नहीं पडेगा तो क्या वहों पर अटवाल माईनर को खुदवाने की व्यवस्था करेंगे ?

श्री अध्यक्षः यह क्वे चन आवर नहीं है।

श्री मांगे राम गुप्ताः अध्यक्ष महोदय, अभी रामबिलास भार्मा जी कह रहे थे कि बजट में एस0वाई0एल0 के लिए पैसा नहीं रखा है। हम यह कहते हैं कि जब भी एस0वाई0एल0 का काम भुरू होगा तो उसमें पैसे की कमी नहीं आएगी और न ही हम आने देंगे।।

प्रो0 सम्पत सिंहः अध्यक्ष महोदय, मेरा प्वायंट आफ आर्डर है ये इररेलवेन्ट बात कर रहे हैं कि पैसा हम लगाएंगे।

अध्यक्ष महोदय, यह पैसा तो पंजाब गवर्नमैंट ने खर्च करना है। ये सदन को गुमराह कर रहे हैं कि पैसा इन्होंने लगाना है। इन्होंने कोई पैसा नहीं लगाना है लेकिन ये बार बार कह रहे हैं कि बेअन्त सिंह कुछ भी कहें। .....

श्री अध्यक्षः सम्पत सिंह जी यह बात तो मुख्यमंत्री जी ने पहले ही क्लीयर कर दी है।

प्रो0 सम्पत सिंहः अध्यक्ष महोदय, नहर को बनाना तो पंजाब सरकार के हाथ में है। साथ ही पंजाब सरकार कह रही है कि वे पानी के ई ाुज को रीओपन करके फिर काम भाुरू करेंगे। तो मुख्य मंत्री जी इस बारे मं हाउस को ऐ योर करें कि इसका निर्माण बी0आर0ओ0 करेगी।

चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय, यह बात हाउस मं बार बार आई है और केन्द्रीय सरकार भी इस बारे में चितिंत है। मैं हाऊस को ऐ योर करता हूं कि बी0आर0ओ0 ही इस नहर को बनाएगी। जहां तक पैसे का सवाल है इस बारे में विरेन्द्र सिंह जी ने कहा है कि पैसा भारत सरकार से आता है। तो इन्हें याद होगा जब चौधरी देवी लाल जी हरियाणा स्टेट के मुख्य मंत्री थी तो उस वक्त दो करोड रूपया पंजाब सरकार को दिया गया था। लेकिन जब बाद में हम आए तो हमने यह फैसला किया कि भारत सरकार ही एस0वाई0एल0 के लिए पैसा देगी और इसको सैंट्रल

गवर्नमैंट ही कम्पलीट करवाएगी। यह फैसला हमारा है इनका नहीं है और इसको भारत सरकार ही पूरा करेगी।

श्री अध्यक्षः आप यह बताएं कि आपने कितना पैसा रखा हुआ है।

चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय, 495 लग चुका है और यह पहले का है।

श्री अमर सिंहः यह तो चौ0 बंसी लाल जी के टाईम का है।

श्री अध्यक्षः लेकिन बाद में 150 करोड रूपए और भी दिए थे।

चौ0 भजन लालः अध्यक्ष महोदय, इस नहर को हम कम्पलीट करवाने की जल्दी से जल्दी कोि ा ा करेंगे।

श्री अध्यक्षः हरियाणा का जो पैसा इस पर खर्च हुआ था, उस समय श्री राजीव गांधी ने भी यह कहा था कि यह पैसा हरियाणा को वापिस दे दिया जाएगा। इसलिए आप यह बता दें कि यह पैसा कौन सी सरकार को मिला है।

चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय, यह पैसा नहीं आया है। गलत बात कहने में कोई फायदा नहीं है लेकिन उसके बाद टोटल पैसा भारत सरकार ने इस पर लगाया है।

श्री मांगे राम गुप्ताः अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्यों ने ऐजुके ान की तरफ ध्यान दिलाया है कि इस सरकार ने स्कूलों की अपग्रेडिंग में ज्यादती की है और बहुत से स्कूली टीचर्ज के बगैर चल रहे हैं। मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्यों को बताना चाहूंगा कि पहली बार छः साल के बाद स्कूलों में कालेजों में टीचर्ज और लैक्चर्ज की जो पोस्टें खाली थीं हमने तकरीबन उन सभी को भरने का पूरा प्रयास किया है। सभी पोस्टों की सैंक ान दे दी है और इनके लिए अब इन्टरव्यू भी हो गये हैं। भाायद अब कोई स्कूल ही ऐसा बचा होगा जहां टीचर्ज की कमी होगी। अध्यक्ष महोदय, इन्होंने तो कुछ भी इस बारे में नहीं सोचा था। हमने 181 स्कूलों की अपग्रेडिंग की बात एक साल मैं करने के बारे में कहा है। इनके समय में तो 20 या 25 स्कूल भी अपग्रेड नहीं हुए थे। अध्यक्ष महोदय, हमारी सरकार ने ि ाक्षा पर सबसे ज्यादा पैसा खर्च किया है। अध्यक्ष महोदय, इन्होंने तो लोगों को खु ा करने के लिए 350 स्कूलों को अपग्रेड करने की लिस्ट ही बनायी थी किन्तु स्कूल अपग्रेड नहीं किये थे। अध्यक्ष महोदय, हमारी सरकार ि ाक्षा के मामले में तहेदिल से यह चाहती है कि हमारे हरियाणा का कोई भी बच्चा अनपढ न रहे। इसलिए हमारी सरकार ने ि ाक्षा के लिए हर सुविधा जुटाने की कोि ा ा की है। गरीब और बैकवर्ड क्लासिज के बच्चे जो फीस नहीं सकते, वर्दी नहीं ले सकते, किताबें नहीं ले सकते हैं, ऐसे बच्चों की हमारी सरकार ने फीस मुफ्त कर दी है और वर्दी का इंतजाम किया है, किताबों का इंतजाम किया है। अध्यक्ष महोदय, इसके साथ ही साथ हमारी

सरकार ने लडकियों की ि ाक्षा पर सबसे ज्यादा ध्यान दिया है। हमारी सरकार ने पहले ही लडकियों की ि ाक्षा को बी0ए0 तक मुफ्त कर दिया था लेकिन अब सरकार ने महसूस किया है कि लडकियों को टैक्नीकल ऐजुके ान भी फ्री दी जाये। हमने लडकियों के लिए टैक्नीकल ऐजुके ान को अब फ्री कर दिया है। अध्यक्ष महोदय, इसके साथ ही साथ हमने यह भी फैसला किया है कि पहले जो लोग अपने बच्चों को पढाया नहीं करते थे लेकिन अब साक्षरता अभियान के तहत हमने यह फैसला किया है कि हरियाणा का कोई भी नागरिक अनपढ नहीं रहेगा। जो अंगूठा टेक लोग पहले हुआ करते थे अब ऐसा कोई भी व्यक्ति नहीं रहेगा। अब हरियाणा का हर व्यक्ति पढा हुआ होगा ताकि उनके साथ किसी प्रकार का कोई व्यक्ति धोखा न कर सके। (विघ्न) अध्यक्ष महोदय, मेरे साथियों ने ला एंड आर्डर की बात भी की। लेकिन मैं इनको बताना चाहूंगा कि हमारी सरकार ने ला एण्ड आर्डर पर सबसे ज्यादा ध्यान दिया है। पिछली सरकार के समय में लोग बहुत ही दुखी थे, यह हम ही नहीं कहते हैं बल्कि सारे हरियाणे के लोग कहते हैं। अगर हम यह बात कहें कि उस समय विकास के कार्य नहीं हुए थे तो भाायद लोग बर्दा त भी कर लें लेकिन इनके समय में तो लोगों का जीना ही दूभर हो गया था, गरीब लोगों की जमीनों पर कब्जे कर लिये गये थे, बहन बेटियों की इज्जत पर हाथ डाला जाता था। इस तरह इनके समय में लोग बहुत दुखी हो गये थे और कहते थे कि उनसे कौन सा ऐसा जुल्म हो गया है जिसकी सजा उन्हें मिल रही है। वे कहते थे कि

जल्दी से जल्दी उन्हें इस सरकार से छुटकारा मिलना चाहिए। इस तरह से उन सभी गरीब लोगों की आवाजें भगवान के घर गयीं और लगभग साढे तीन साल के बाद ही प्रदे ा में इलैक ान हुआ और उस इलैक ान में हरियाणा की जनता ने इनके खिलाफ फतवा दिया। स्पीकर साहब, यह फतवा ला एंड आर्डर खराब होने की वजह से प्रदे ा की जनता ने दिया था हो सकता था कोई छोटी मोटी घटना घट जाती और वह इसलिए क्योंकि इन्होंने प्रदे ा में बडे बडे डैकैत पैदा कर दिये थे, बडे बडे चारे पैदा कर दिये थे, बडे बडे ग्रीन बिग्रेड के सिपाही पैदा कर दिये थे। अब सरकार इन सभी को तला ा कर रही है। आज कोई नहीं कह सकता कि जमीनों पर कब्जे होते हैं, किसी की बहन बेटी की इज्जत पर हाथ डाला जाता है। आज किसी की हिम्मत नहीं है कि कुछ भी सौदा खरीद कर ताऊ के खाते में डाले।

श्री सतबीर सिंह कादियानः स्पीकर सर, मेरा प्वायंट आफ आर्डर है। मंत्री जी बजट परी न बोलकर पर्सनल ऐलीगे ान लगा रहे हैं, गरीबों की जमीन पर कब्जे का जिक्र कर रहे हैं। एक भी कब्जा ऐसा नहीं जो इन्होंने छुडाया हो। मौजूदा सरकार ने पलवल में म्यूनिसिपल कमेटी की जमीन पर कब्जा किया है। होडल में जमीन पर कब्जा किया है। इस तरह के जो ऐलीगे ान लगाए गए हैं इन्हें एक्सपंज किया जाए।

श्री मांगे राम गुप्ताः अध्यक्ष महोदय, सरकार के प्रयास से हरियाणा मैं आज लोग अमन से अपना जीवन व्यतीत कर रहे

हैं। कोई आदमी किसी के सहारे तो नहीं बैठ सकता। श्री कृश्ण लाल ने दो तीन घटनाओं का जिक्र किया। इसी तरह से करनाल जिले में सालवना गांव का भी जिक्र किया और साथ में मेरे हल्के में भााहपुर एक गांव है उसमें हरिजन बाल्मिकी के कत्ल का जिक्र किया। अध्यक्ष महोदय, इन तीनों केसों में पूरी कार्यवही हुई है। इसमें कोई दो राय नहीं कि बाल्मिकी का कत्ल हुआ लेकिन किसने किया, कैसे किया इसका इन्होंनें जिक्र करने की कोि ा ा नहीं की। कत्ल करने वाले लोगों के बारे में तो इन्होंने बताया ही नहीं। मैं कहना चाहूंगा कि जिन लोगों ने यह कत्ल किया है वे इन्हीं के आदमी थे। वे यह समझते थे कि अब भी देवी लाल जी जैसा ही राज है वे इन्हीं के आदमी थे। वे यह समझते थे कि अब भी देवी लाल जी जैसा ही राह है किसी को कोई परवाह नहीं। अब वो पकडे गए हैं, एक मुलजिम को तो हमारी पुलिस ने गिरफ्तार किय है, दो फरार होकर दूसरी स्टेट में भाग गए। उनमें से एक भी मुलजिम आज बाकी नहीं है सब के सब गिरफ्तार हो चुके हैं।

चौधरी भजन लालः भार्मा जी ने कुछ बातें और भी कहीं हैं। भार्मा जी बहुत बढिया आदमी हैं। कल मेरी समझ में नहीं आया कि इनके एक हाथ में पटटी बंधी थी और आज दूसरे हाथ में है। पता नहीं कौन सा हाथ ठीक है, कौन सा गलत है।

प्रो0 राम बिलास भार्माः स्पीकर सर, ये मेरे जख्मों का मजाक न करैं। यह गुमानी, लाला लाजपत राय पर लाठियां

बरसा कर ब्रिटि ार्स ने भी की थी। मैंने कभी अपने जख्मों का कंपनसे ान नहीं मांगा और न ही मुझे किसी सर्टिफिकेट की जरूरत है। भगवान करे, आपको इस तरह का मौका न आए। वैसे तो आप इस तरह की बात की नौबत हीं नहीं आने देंगे, भगवान आप पर राजी रहें, ये लाठियां हमको ही मुबारक हों। न मैंने आपसे सर्टिफिकेट मांगा न आपकी कांग्रेस से सर्टिफिकेट मांगा। (ाोर एवं व्यवधान) यह जो बात है उसकी आपने कारगुजारी की, उसकी हमने कभी सदन में चर्चा नहीं की। स्पीकर सर, मैंने इनसे प्रमाण नहीं मांगा था। (ाोर एवं व्यवधान)

चौधरी भजन लालः भार्मा जी, आप मजाक की बात को सीरियस न लें।

प्रो0 राम बिलास भार्माः यह मजाक की बात नहीं है, क्या इसको भी आप मजाक कहते हैं ? मजाक के लिए और विशय बहुत हैं। (ाोर एवं व्यवधान)

श्री अध्यक्षः भार्मा जी, आप बैठिए।

प्रो0 राम बिलास भार्माः स्पीकर सर, दिल्ली की जो वारदात हुई है, इस पर हिन्दुस्तान के लोगों का सर झुका है। (ाोर एवं व्यवधान)

चौधरी भजन लालः भार्मा जी, आप इतने सीरियस क्यों हो गए ? (ाोर) मैंने तो थोडा सा माहौल ठीक करने के लिए कहा था। आप लाठियों की बात कहते हैं, लाठियां खाकर,

गोलियां खाकर, फांसी के फंदे को जिन लोगों ने चूमा था, उन्होंने दे ा को आजाद कराने के लिए चूमा था, दे ा को बरबाद करने के लिए नहीं चूमा था। वे दे ा के बरबाद नहीं करना चाहते थे। मैंने इस नजरिए से बात कही थी कि आप टैंस न हों। अगर आपको मेरी बात महसूस हुई है तो मैं वापिस ले लेता हूं, लेकिन थोडी बहुत बात तो हंसी की भी कहनी चाहिए।

प्रो0 राम बिलास भार्मा: आप मार का मजाब उडा लें, आप हमारे ऊपर लाठियों का मजाब उडा लें और आप हमारे जख्मों का मजाक उठा लें, यह कोई अच्छी बात नहीं है।

चौधरी भजन लाल: ये जख्म दे ा को बचाने के लिए नहीं हुए हैं, ये तो दे ा को तोडने के लिए हुए हैं। सरदार भगत सिंह ने जो लाठियां खाईं थीं, या लाला लाजपत राय ने लाठिया खाईं थीं, वे दे ा की आजादी के लिए खाईं थी। स्पीकर साहब, अमर सिंह ने हरिजनों का बैकलोग पूरा करने के लिए कहा है। मैं इन्हें कहना चाहता हूं कि हम जल्दी से जल्दी बैकलोग पूरा करेंगे। एक बात इन्होंने प्लाटों के बारे में कही। हम इस बारे में दुबारा सर्वे करवा रहे हैं और जिनको प्लाट नहीं मिले हैं, उनको प्लाट देंगे। स्पीकर साहब, पास बुक की बात इन्होंने कही। एग्रीकल्चर पालिसी पर दिल्ली में मीटिंग हुई थी। श्री हरपाल सिंह ने वहां पर बहुत जोरदार भाब्दों में इस बात की वकालत की। स्पीकर साहब, जब मैं सैंटर में ऐग्रीकल्चर मिनिस्टर था तो उस वक्त मैंने यह बात चलाई थी और उस समय एक कमेटी बनाई

गई थी उस कमेटी के तीन मैम्बर थे। एक मैं था, एक प्राईम मिनिस्टर और तीसरे फाईनैंस मिनिस्टर थे। फसल बीमा योजना के बारे में भी प्राईम मिनिस्टर ने अपनी स्पीच में जिक्र किया और कहा कि चौधरी भजनलाल के समय यह स्कीम चालू की गई थी। हमने इसके लिए जिले को यूनिट नहीं माना, ब्लौक को भी यूनिट नहीं माना। मैंने कहा था कि गांव यूनिट होना चाहिए। पासबुक का भी वहां पर जिक्र आया था। उस पास बुक में जमीनों का ब्यौरा होना चाहिए। उसमें जमीनों के खरीदने बेचने, कर्जा लेने और कर्जा उतारने आदि का जिक्र होगा ताकि लोगों को बार बार पटवार के दरवाजे पर न जाना पड़े।

स्पीकर साहब, चौधरी पीर चन्द ने रतिया का जिक्र किया। इनको रतिया की बहुत चिन्ता है। ठीक है यइ इनका हल्का है, लेकिन रतिया मेरी ससुराल भी है। इन्होंने फतेहाबाद के एस0एच0ओ0 का जिक्र किया। पीरचन्द जी, हमने उसको बदल दिया है। रतिया के एस0एच0ओ0 के बारे में कहा कि वह करप्ट है। हम जांच करवा लेंगे, इस बात में कोई सच्चाई मिलेगी तो उसको लाइन हाजिर कर देंगे, उसके खिलाफ ऐक ान लेंगे और कार्यवाही करेंगे।

साथी लहरी सिंहः स्पीकर साहब, मेरा एक क्वै चन था कि डिस्ट्रिक्ट हैड क्वाट्र पर एस0पी0 और डी0सी0 हरिजन नहीं लगाए हुए हैं। (ाोर एवं व्यवधान)

चौधरी भजन लालः हरिजन मैम्बर हैं, इनको तो दूसरों की बात करनी चाहिए। आप लोग केवल हरिजनों की वोट से बनकर नहीं आते, सब लोगों को साथ लेकर चलना पडेगा।

साथी लहरी सिंहः हरियाणा के अन्दर एक भी हरिजन एस0पी0 नहीं है।

चौधरी भजन लालः स्पीकर साहब, गरीब आदमी के साथ और हरिजन के साथ हमारी पूरी हमदर्दी है। आपको जात पात की बात नहीं करनी चाहिए, यह कहना चाहिए कि अच्छे आदमी लगने चाहिए। सारे हरिजन भी अच्छे नहीं हैं और नौन हरिजन भी सब बुरे नहीं हैं।

श्री मांगे राम गुप्ताः अध्यक्ष महोदय, चार दिन पहले बजट पर चर्चा हुई और हमारे सारे विरोधी पक्ष और ट्रेजरी बैंचिज के भाईयों ने उस चर्चा में हिस्सा लेते हुए अपने अपने विचार सदन के सामने रखे हैं। अध्यक्ष महोदय, कल जब बजट पर चर्चा भाुरू हुई थी हमारे सभी माननीय सदस्यों ने खुल कर तथा विस्तार से अपने अपने विचार रखे। बहुत सारी बातों के संबंध में हमारे माननीय मुख्य मंत्री महोदय ने जवाब देते हुए उनकी तसल्ली करवाने की पूरी पूरी कोि ा ा की है। जब से हमारी कांग्रेस सरकार हरियाणा में बनी है, उसके बनने के बाद हरियाणा के हर व्यक्ति को राहत महसूस होने लगी है। हर व्यक्ति आजादी और सुख का सांस लेने लगा है। चाहे ला एण्ड आर्डर का मसला हो,

चाहे प्रदे ा के विकास का मसला हो, चाहे टैक्स का मसला हो, वैसे हमने कोई नया टैक्स तो लगाया ही नहीं बल्कि घटाया ही है।

श्री कृश्ण लालः अध्यक्ष महोदय, मेरा प्वायंट आफर आर्डर है। 30 अक्तूबर को उसका कत्ल हुआ था और 20 दिसंबर 1992 को पूरे प्रान्त की तरफ से बाल्मिकी समुदाय की तरफ से जींद के अंदर मांगे राम गुप्ता जी की कोठी के सामने प्रद र्न किया था। अगर उस टाईम कातिल गिरफ्तार होते तो बाल्मीकी समुदाय की तरफ से धरना क्यों दिया जाता ?

श्री मांगे राम गुप्ताः अध्यक्ष महोदय, श्री कृश्ण लाल ने फिर वही बात कह दी। वे मुलजिम उसी रात को फरार हो गए, रात का वाकया था। (ाोर)

श्री कृश्ण लालः हां, अध्यक्ष महोदय, वे इनके लोग थे उनको पोस्टमार्टम भी नहीं होने दिया गया।

श्री मांगे राम गुप्ताः अध्यक्ष महोदय, इन्होंनें उन लोगों के नाम नहीं बताए। मैं नाम भी बता देता हूं। राहमेर, फूल सिंह एव चतरू ये तीनों जाट क्म्यूनिटी से संबंध रखते हैं और मैं पूरे एफीडेविट के साथ सदन में कह रहा हूं जो बाल्मीकी मरा है वह मेरा इलैक ानों में सपोर्टर और वोटर रहा जबकि यह तीनों मुलजिम हमे ाा मेरे खिलाफ रहे, कभी मेरे हक में नहीं रहे और मैंने अपने हल्के में कभी किसी बदमा ा चोर को पनाह नहीं दी

और आज मैं पूरी गारंटी के साथ कह सकता हूं कि मेरे हल्के में किसी की कब्जा करने की हिम्मत नहीं है न किसी बहू बेटी की इज्जत पर हाथ उठाने की हिम्मत पड सकती है। मैं वो गुप्ता नहीं हूं जिसका हरियाणा भवन में पीट कर इस्तीफा ले लिया था।

सम्पत सिंह जी, मैं वह गुप्ता नहीं हूं जिससे नोट भी लेते हैं और वोट भी लेते हैं और फिर पीटकर उससे इस्तीफा ले लेते हैं। मैं वह गुप्ता हूं जिसकी रगों मैं भोरे पंजाब लाला लाजपतराय का खून दौडता है, जिसके भारीर के अंदर महात्मा गांधी का खून है। मैं आपके दबाव से चलने वाला नहीं हूं। मैने तो हमे ाा आपका मुकाबला किया है और आगे भी जैसा चाहूं कर सकता हूं। स्पीकर साहब, अमर सिंह ने हरिजनों की चर्चा की। उन्होंने चौपालों के बारे में चिन्ता व्यक्त की। अध्यक्ष महोदय, आज हमारी सरकार ने हरिजनों और बैकवर्ड क्लासिज के भाईयों का वि ोश ध्यान रखा है। सर्विसिज के अंदर इनकी सरकार ने जो बैकलोग छोड दिया था उसको हमारी सरकार ने पूरा किया है। यह बैकलोग चाहे पुलिस में था, चाहे किसी नौकरियों में था, हमने उस बैकलोग को पूरा किया है। हरिजन और बैकवर्ड क्लासिज के लडकों को नौकरी दी जा रही हैं। इनके राज में जो कमी रह गई थी उसको पूरा किया जा रहा है। चौपालों के बारे में मैं कहना चाहता हूं कि हमारी सरकार ने चौपालों के लिए पचास हजार रूपया कर दिया है जो पहले पच्चीस हजार होता था और मुरम्मत के लिए हमारी सरकार ने पच्चीस हजार रूपए किया

है। हरियाणा सरकार सभी चौपालों को, चाहे वह धानकों की है चाहे चमारों की है और चाहे वह खटीकों की चौपाल है सबको पूरा करेगी। कोई चौपाल अधूरी नहीं रहेगी सबको पूरा किया जाएगा। अध्यक्ष महोदय, इसके अलावा गांवों में सेनीटे ान के लिए एक नई स्कीम के द्वारा एक लाख भौचालय हरियाणा सरकार ने बनाए हैं। मल उठाने की जो पुरानी प्रथा थी, उसको जल्दी ही खत्म किया जा रहा है। बाल्मीकी जो पहले मैला उठाते थे, अब भविश्य में मैला नहीं उठाएंगे।

श्री राम कुमार कटवालः अध्यक्ष महोदय, वित्त मंत्री ने कहा है कि जींद में किसी प्लाट पर कब्जा नहीं है और न ही वहां पर कोई गुण्डागर्दी है। मैंने इस हाउस में वित्त मंत्री के बारे में एक फाईल रखी थी जिसमें प्लाटों के कब्जे का जिक्र था। प्लाटों का जो घपला था उसमें इस बात का जिक्र है। दूसरी बात यह है कि जींद के एस0पी0 श्री सिन्हा ने एक छापा मारा था जिसमें इनका लडका भी भाामिल था और उस लडको को थाने में बिठाया गया था। ये आज कैसे कहते हैं कि जींद में कोई गुण्डागर्दी नहीं है। आप इनके लडके के बारे में मिस्टर सिन्हा से पूछ सकते हैं।

प्रो0 सम्पत सिंहः अध्यक्ष महोदय, यह तो वह बात हो गई जैसे आपने भी यह मिसाल सुनी होगी "तेली ए तेली तेरे सिर पर कोल्हू।" तेली ने कहा कि तेल तो मिला नहीं तो जाट ने कहा कि बोझ से तो मरेगा। इसी तरह से इन्होंने अपने मुंह से बात निकाल दी। स्पीकर साहब, मेरा हाउस के अंदर चैलेंज है कि कोई

भी ऐलीगै न चरित्रहीनता का या बेईमानी का लगा दें, अगर वह साबित हो जाए तो हमें इस कुर्सी से कोई प्यार नहीं है, हम इस कुर्सी को छोड कर चले जाएंगे। हमारा पूरा प्रयास है कि हरियाणा के किसान को खेत में पूरा पानी मिले, लोगों को पूरा पीने का पानी मिले, हरियाणा के अस्पतालों में दवाईयां अच्छी मिलें, लोगों के लिए अच्छे साधन जुटाए जाएं जिससे कि जनता का जीवन स्तर ऊंचा उठे और जनता के हित के जितने काम हैं उनको पूरा करने के लिए हरियाणा सरकार पूरा प्रयास कर रही हे। हमारी पूरी कोि ा ा है कि आय के साधन बढाएं जाएं जिनसे जनता की भलाई के जितने काम हैं उनको पूरा किया जा सके। स्पीकर साहब, हरियाणा की जनता ने हरियाणा सरकार और कांग्रेस पार्टी में जो वि वास व्यक्त किया है, उसको यह सरकार पूरा करेगी और अगले चुनाव में इन लोगों की जमानत जब्त होगी। अगर ये ऐसा नहीं करेंगे तो मैं आपको बता देना चाहता हूं कि हरियाणा में सिविल वार की तरह सिचुऐ ान हो जाएगी, लोग सडकों पर आ जाएंगे और इनकी नींद हराम कर देंगे। इसलिए ऐसे हालत इनको नहीं करने चाहिएं। अगर ऐसा हो गया तो इनका दफतरों से निकलना बन्द हो जाएगा। इसलिए समय रहते हुए इनको लोगौं की नब्ज को समझना चाहिए। धन्यवाद।

श्री बंसी लाल (तो ाम): उपाध्यक्ष महोदय, यह तो सभी मानते हैं और सरकार भी मानती है कि स्टेट में सूखे की स्थिति है। उससे निपटने के लिए सुझाव चाहिएं ताकि फौरी तौर

पर सरकार जो सहायता कर सकती है, करे। सहायता यह कर सकती है कि भाखडा नहर का कुछ पानी, कुरूक्षेत्र जिले की तरफ, करनाल और पानीपत तथा नरवाना सब डिवीजन को छोडकर जीन्द, सोनीपत, रोहतक और हिसार जिले का हांसी सब डिवीजन और फरीदाबाद, गुडगांव, भिवानी, रिवाडी, महेन्द्रगढ के इलाकों को, जहां सूखे की बहुत भयंकर स्थिति है, तथा जहां पर चारे का कोई प्रबन्ध नहीं है और मवेि ायों के मरने के पूरे आसार हैं, पहले प ाु बाढ से मारे गये थे और अब भी सूखे के कारण मरेंगे, के लिए फौरी तौर से कुछ पानी भेजा जाना चाहिए ताकि लोग चारा पैदा कर सकें और रबी की फसल ले सकें। उपाध्यक्ष महोदय, आज तूडा का भाव 150 रूपये है। कल भी मैंने इसका भाव 150 रूपये बताया था लेकिन जब कल भााम को एक आदमी मुझसे मिला तो उसने कहा कि आपने तूडा का भाव 150 रूपये क्यों कह दिया ? इसका भाव तो 165 रूपये है। उपाध्यक्ष महोदय, एक रूपये 65 पैसे किलो के हिसाब से प ाुओं को चारा खिलाना किसानों के लिए गरीब आदमी के लिए कोई आसान बात नहीं है। सरकार को फौरी तौर से सबसिडी देकर चारे का प्रबन्ध करना चाहिए। इसके अलावा, दूसरी चीज यह है कि किसानों को जो कर्जा दिया हुआ है और जिसकी वसूली तेजी से चल रही है, उस वसूली को रोका जाये। जब किसान की अगली फसल यानी रबी की फसल अच्छी हो जाए तो यह वसूली आप कर सकते हैं। अगर रबी की फसल भी अच्छी नह हो तो उससे अगली खरीफ की फसल अच्छी होने पर इसकी वसूली कर सकते हैं, उससे पहले

इसकी वसूली न की जाए। उपाध्यक्ष महोदय, इसके अलावा किसानों को अच्छी बिजली देनी चाहिए, चाहे इसके लिए इंडस्ट्रीज को पूरी तरह से बन्द क्यों ने करना पडे। स्टेट में आज भी कई इंडस्ट्रीज चल रही हैं, भाायद मुख्य मंत्रजी को भी इसका पता होगा और आपको भी इसका अच्छी तरह से पता होगा। इसलिए उन सब इंडस्ट्रीज की बिजली बन्द करके एग्रीकल्चर सैक्टर को देनी चाहिए। उपाध्यक्ष महोदय, जैसा लीडर आफ अपोजी ान ने बताया कि चौधरी अतर सिंह के पास ऐफेडैविट भी है लेनिक वह इस समय सदन में नहीं हैं। उपाध्यक्ष महोदय, एक नहीं कई ऐफेडेविट ऐसे हैं जिनमें बिजली के महकमें के लोग बगैर रि वत लिए बिजली के कनैक ान नहीं देते। हमारे जिले में आज बिजली की हालत यह है कि अगर कोई आदमी बिजली के कनैक ान के लिए आता है, तो उससे कहा जाता है कि पहले कमि नर के पिता के पास जाकर पैसा दो, तब जाकर उसको बिजली का कनैक ान दिया जायेगा। उपाध्यक्ष महोदय, यह हकीकत है। इसके अलावा पीने के पानी की सब जगह दिक्कत है, कमी है। मैंने कल भी इसके बारे में जिक्र किया था कि सूखे के कारण लोगों को पीने का पानी नहीं मिल रहा है। इसलिए नारनौल, गुडगांव, भिवानी और फरीदाबाद आदि सब जगहों पर सरकार को पीने का पानी भेजना चाहिए तथा बाढ की वजह से जितने वाटर वर्क्स खराब हो गये हैं, जितने बैड खराब हो गये हैं, जो पानी के फिल्टर बैड ठीक नहीं हैं उनको सरकार को ठीक करना चाहिए। उपाध्यक्ष महोदय, इसके अलावा, दूसरी बात यह है कि जो लौंग

टर्म पोलिसी है, उसके बारे में मैं आपके माध्यम से सरकार को सुझाव देना चाहता हूं कि जो स्टेट में वाटर लेवल नीचे चला गया उसको ठीक किया जाये। मेरा ख्याल है कि 50–60 फुट से 100 फुट तक वाटर टेबल नीचे चला गया है, उसे ठीक करने का एक रास्ता यह है, सरकार को फौरी तौर से यह काम करना चाहिए कि वेस्टर्न यमुना कैनाल की कैपेसिटी बढाएं, डिस्ट्रीब्यूटरीज, माईनर्ज, सब माईनर्ज की कैपेसिटी बढाएं और उनकी मुरम्मत कराएं। मानसून के दिनों मं करीब ढाई पौने तीन महीने यमुना नदी में खास पानी चलता है, वह पानी उन इलाकों में दिया जाये। इससे लोगों की फसल ठीक होगी, वाटर टेबल भी ऊपर आएगा और पानी भी री चार्ज होगा। इसके साथ साथ एक काम जो सरकार अगले साल तक पूरा कर सकती है, वह यह है कि दादुपुर नलवी नहर चलाई जाए इससे खरीब की फसल भी अच्छी होगी। आने वाली रबी की फसल का त करवा देने से लोगों को बहुत राहत मिलेगी इसके साथ साथ भााहबाद मारकंडा, टांगडी दरिया है, इनको भी टेम करना चाहिए। ि ावालिक पहाडियों से आने वाले नदी नालों को टेम करना चाहिए। जिस समय मैं मुख्य मंत्री था उस समय राजस्थान में बरकतुल्ला खां साहब मुख्यमंत्री थे। हरीके से पानी पाकिस्तान को जाता है। मेरे और राजस्थान के मुख्य मंत्री के और दोनों स्टेटों के सिंचाई मंत्रियों के दस्तखत हो गए थे कि पाकिस्तान को जो पानी जाता है वह हम हरीके के स्थान पर राजस्थान कैनाल में डाल देंगे। राजस्थान कैनाल से वह पानी हम सिरसा जिले में ले लें और सिरसा जिले में, जितने दिन वह

पानी सरप्लस हो, उसे वैस्टर्न यमुना कैनाल के इलाकों को दे दें इसके ऊपर हमें काम करना चाहिए। सिरसा जिले की ओटू झील के ऊपर दस या पन्द्रह करोड रूपये खर्च करके, रेलवे लाइन से ऊपर ले जाकर, पूरी तरह से डीसिल्ट किया जाए तो उसमें से काफी इलाकों को पानी दिया जा सकता है। अब उसमें सिल्ट भर गई है, बाढ आई है, जिससे सिरसा जिले का बडा नुकसान हुआ है, भाहर को नुक्सान हुआ है, रतिया के इलाकों को नुक्सान हुआ है। मेरा सुझाव है कि ओटू झील के बारे में पूरा प्रोग्राम बनाकर 10–20 करोड रूपया खर्च करके उन इलाकों को सैराब किया जाए। उपाध्यक्ष महोदय, मेरा एक सुझाव है कि मैंने हरिद्वार से आगे गंगा नदी के पास भीमगौडा से करनाल तक, की नहर बनाने के लिए प्रौजेक्ट बनाकर भेजा था। इससे यह होगा कि जो पानी करनाल से नीचे जाता है, वह अम्बाला में, कुरूक्षेत्र के इलाकों में, यमुनानगर के इलाकों में इस्तेमाल हो सकता है, गंगा का पानी उसके नीचे के इलाकों में इस्तेमाल हो सकता है। इसी तरह से एस0वाई0एल0 के बारे में मुख्य मंत्री जी का स्टैंड कुछ और है, पंजाब के मुख्य मंत्री जी कुछ और कहते हैं। वे कहते हैं कि एस0वाई0एल0 बनने का सवाल ही नहीं है। लीडर आफ दि अपोजी ान अभी इसके बारे में कह रहे थे। मुझे नहीं मालूम है कि सही स्थिति क्या है ? लेकिन किसी ने किसी तरह से कोि ा ा करके एस0वाई0एल0 बनवाई जानी चाहिए, मेरा ख्याल है कि उसमें 2 मिलियन एकड फुट पानी हमारा है। स्पीकर सर, पिछले दिनों मुझे मालूम हुआ है, मुख्य मंत्री जी पता कर लें कि

